# प्रिंसिपल्स ने जाना स्किल बेस्ड एजुकेशन का महत्व

## यूपीईएस में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों के एक्सपोजर विजिट का आयोजन



देहरादून, 7 अप्रैल (नवोदय टाइम्स) : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने यूपीईएस में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया। यह पहल शैक्षिक नेतृत्वकर्ता को फ्यूचर स्किल्स और वोकेशनल व स्किल-बेस्ड एजुकेशन में उभरते रुझानों की समझ बढ़ाने का एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।

इस एक्सपोजर विजिट के दौरान प्रमुख विषयों में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, उभरते करियर विकल्प, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, और अनुभवात्मक शिक्षण शामिल रहे। यूपीईएस के अनुभवी संकाय सदस्यों द्वारा संचालित इन सत्रों में उच्च शिक्षा के सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई, जिससे स्कूल प्रधानाचार्यों को इन जानकारियों को अपने संस्थानों में लागू कर शिक्षकों को सशक्त बनाने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यूपीईएस के वाइस चान्सेलर डॉ. राम शर्मा ने कहा कि यूपीईएस में शिक्षा का भविष्य अकादमिक सीखने और उद्योग-आधारित कौशलों के समावेश में है। सीबीएसई स्कूल प्रधानाचार्यों को ज्ञान और संसाधनों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे शैक्षिक उत्कृष्टता को आगे बढ़ा सकें।